सरगुजा संभाग के प्रथम स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेज़ी माध्यम महाविद्यालय का हुआ लोकार्पण

चर्चा में क्यों?

22 अगस्त, 2023 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरगुजा संभाग के प्रथम स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेज़ी माध्यम आदर्श महाविद्यालय का लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- छत्तीसगढ़ में अंग्रेज़ी माध्यम के कुल 10 स्वामी आत्मानंद आदर्श महाविद्यालय खोले जा रहे हैं, जिनमें से अंबिकापुर के केशवपुर में स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम आदर्श महाविद्यालय भवन के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया गया।
- ज्ञातव्य है कि शासकीय महाविद्यालय की कुल प्रवेश क्षमता 1000 है, जिसमें लगभग 610 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया है।
- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के बाद शासकीय विज्ञान महाविद्यालय को अपग्रेड करते हुए सुविधाओं के विस्तार के लिये जीर्णोद्धार तथा निर्माण कार्य हुए। छात्रों के लिये आधुनिक समय अनुरूप तकनीकों, स्मार्ट क्लासरूम, अत्याधुनिक लाईब्रेरी, प्रयोगशाला, अतिरिक्त कक्ष जैसी अन्य सुविधाओं के साथ महाविद्यालय तैयार है।
- महाविद्यालय में कुल 2.54 करोड़ रुपए की लागत से जीर्णोद्धार तथा निर्माण कार्य किये गए हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-first-swami-atmanand-government-english-medium-college-of-surguja-division-was-inaugurated